प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

भाजपा बैठक

केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न स्तरों पर संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये बात कल सोलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा कोर ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करते कही। उन्होंने आने वाले पंचायती राज चुनाव को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई और पार्टी द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा प्रवास के दौरान वनखंडी में जू पार्क में बनने वाले अस्पताल, प्रशासनिक ब्लॉक, फूड कोर्ट की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा वे हरिपुर में एक जनसभा को संबोधित करने के अलावा यहां कई विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास करेंगे। दोपहर बाद वे देहरा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप सांसदों के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने आउटरीच कार्यक्रम के साथ विभिन्न देशों में हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का भारत का मजबूत पक्ष रख रहे हैं। कांग्रेस के सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के चैंबर ऑफ डेप्युटीज के विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बरोज़ से मुलाकात की। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के विदेश मामलों के महासचिव, राजदूत मारिया लौरादा रोचा से भी मुलाकात की। अब यह प्रतिनिधिमंडल अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमरीका जाएगा।

*बैठक में आगामी कार्यकमों की विस्तृत योजना बनाई गई। 26 मई 2025 को इस देश में आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बने हुए 11 साल पूरे हो गए। केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियां जन–जन तक पहुचे, इसके लिए अनेक कार्यकम प्रदेश से मंडल स्तर तक आयोजित करके उन उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने का काम पार्टी करे, ऐसी रणनीति जो है वो इस कोर्ट कमेटी की मीटिंग में बनाई गई। 11 साल बेमिसाल, संकल्प से सिद्वि तक इसकी विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए जो है वो अध्यक्ष जी समिति बनाएंगे, जिसमें विस्तृत रूप से सारी चीजें तय हों।*

जागरूकता

एक जून से 26 जून तक चल रहे देशव्यापी नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में भी जागरूकता कार्यक्रमों की श्रंखला शुरू हो गई है। इस कड़ी में कुल्लू में उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के आयोजन को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग व अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर विभिन्न विभागों के सहयोग से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योग, फिटनैस कैंप, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों व महाविद्यालयों में सेमीनार सहित जागरूकता रैलियों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बलिदान

सिरमौर जिले में नाहन उपमंडल के बड़ाबन गांव के लांस नायक मनीष ठाकुर बीते एक जून को सिक्किम के छतैन में भूस्खलन की चपेट में आने से देश के लिए बलिदान हो गए थे। मनीष ठाकुर की शहादत से क्षेत्र में शोक की लहर है। सैनिक कल्याण बोर्ड जिला सिरमौर के उप निदेशक मेजर दीपक धवन ने बताया कि बलिदानी मनीष की पार्थिव देह के आज शाम तक उनके पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है। गौरतलब है कि 27 वर्षीय लांस नायक मनीष ठाकुर ने वर्ष 2016 में भारतीय सेना की वर्दी पहनकर देश सेवा का संकल्प लिया था।

ग्रीष्मोत्सव

शिमला के एतिहासिक रिज मैदान में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या कल शाम हास्य कवियों के नाम रही। पांच जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्ज और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में आज हिमाचली कलाकार आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

भूभु–जोत

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडी जिला की दुर्गम चौहार घाटी के लोग बीते 20 वर्षों से भूभु–जोत सुरंग के निर्माण की राह ताक रहे हैं। स्थानीय बरोट पंचायत के प्रधान रमेश कुमार व अन्य लोगों ने बताया कि सुरंग के निर्माण से मंडी और कुल्लू जिला आपस में जुड़ जाएंगे। इसके अलावा सेना को लेह तक आवाजाही में मदद मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि सुरंग बनने के बाद जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्वरोजगार के साधन भी बढेंगे। ऐसे में लोगों ने केंद्र सरकार से सुरंग के जल्द निर्माण की मांग की है।

*टनल के बनने से हमारा जो कनैक्टिीविटी है, जो हमारा आर्मी का आना–जाना एक दम सुगम तरीके से हो जाएगा।*

*अगर भूभु–जोत टनल जोत बन गई तो एक तो जो कुल्लू है, यहां चौहार वैली से जुड़ जाएगा। तो यहां के लोकल लोग हैं, उन्हें फायदा होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।*

*हम चाहते हैं कि भुभू–जोत टनल का निर्माण है, वो जल्दी से जल्द हो जाए, टूरिज्म की दृष्टि से, टूरिज्म के एरिया के हिसाब से बरोट जो है वो काफी ज्यादा डिवलप है, लेकिन यहां बरोट की क्नैक्टिविटी ट्रांसपोर्ट की दिक्कत बहुत ज्यादा क्रिएट कर रही है यहां पर....*